अमर उजाला 09/10/2025

# विद्यार्थियों को व्यावहारिक विषयों की दी जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय करनाल के सहयोग से आयोजित साप्ताहिक कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र का समापन हुआ। प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावहारिक विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को दीपावली से पूर्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कमाई के व्यावहारिक उपाय भी सिखाए। यह सत्र डिजिटल द्रोणाचार्य टीम सोनीपत के डॉ. आकाश और मोहित की ओर से संचालित किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने भी संबोधित किया। संवाद